**फैक्स**

सेवा मेंः– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्याः– एस0एम0सी0–सरा0कार्य/2023 दिनॉकः सितम्बर 06, 2023

---

## :: सराहनीय कार्य ::

**जनपद मुजफ्फरनगर के थाना कोतवाली नगर पुलिस की बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड़ में 01 शातिर गौकश/वांछित अभियुक्त घायल/गिरफ्तार। कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट तथा 01 तमंचा मय 02 जिंदा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद।**

सादर अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर व थाना प्रभारी कोतवाली नगर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 05.09.2023 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0श्री धर्मेन्द्र श्यौराण मय हमराहीगण है0का0 121 रोहताश सिह, है0का0 70 शिवओम भाटी, है0का0 590 अनिल कुमार, का0 1913 अशफाक, का0 32 जितेन्द्र सिह, का0 883 मोनू कुमार के वास्ते देखरेख शान्ति व्यवस्था व चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति आदि में थाना कोतवाली नगर से रवाना होकर चरथावल मोड़ से न्याजुपुरा जाने वाले रोड पर काली नदी पुल पर आने–जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी चरथावल रोड से न्याजुपुरा की तरफ से मोटरसाइकिल आती दिखाई दी जिसे पुलिस पार्टी द्वारा टॉर्च की रोशनी डालकर चेकिंग हेतु रुकने का इशारा किया गया। परन्तु मोटरसाइकिल सवारों ने मोटरसाइकिल को और तेजी से भगा दिया। पुलिस पार्टी द्वारा पीछा करने पर सड़क पर पड़ी बजरी पर फिसल कर मोटरसाईकिल गिर गयी। मोटरसाइकिल सवार दोनो व्यक्तियों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। फायर से पुलिस पार्टी बाल–बाल बची। पुलिस पार्टी द्वारा घटना की सूचना उच्चाधिकारीगण को दी गयी तथा बदमाशों को आत्मसमर्पण हेतु चेतावनी दी गयी। परन्तु बदमाशों पर चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ और लगातार पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करते रहे। पुलिस पार्टी द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुए बदमाशों की फायरिंग रेंज में घुस कर आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म फायरिंग की गयी तो एक बदमाश ने चिल्लाकर कहा कि मुझे गोली लग गयी है तथा दूसरा बदमाश पुलिस पार्टी पर फायरिंग करता हुआ जंगल की तरफ भागा। जिसका पीछा का0 32 जितेन्द्र सिंह, का0 883 मोनू, का0 1913 अशफाक द्वारा किया गया परन्तु वह अँधेरा तथा खड़ी फसल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस पार्टी द्वारा सिखलाए गए तरीके से छिपते–छिपाते नजदीक जाकर देखा तो 01 बदमाश घायल अवस्था में है। पुलिस पार्टी द्वारा घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को प्राथमिक उपचार देकर नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो उसने अपना नाम **रियासत पुत्र ईनाम कुरैशई निवासी पुजाओ वाली मस्जिद के पास, खालापार, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर** बताया तथा भागे हुए बदमाश का नाम **रमजान पुत्र युनुस निवासी मून पब्लिक स्कूल वाली गली, किदवई नगर, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर** बताया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से होण्डा साईन मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट व 01 तमंचा मय 02 जिंदा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 539/23 धारा 307/414 भादवि व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्री पवनदीप शर्मा द्वारा की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः–**

1. रियासत पुत्र ईनाम कुरैशी निवासी पुजाओ वाली मस्जिद के पास, खालापार थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।

**फरार अभियुक्तगण का नाम/पताः–**

1. रमजान पुत्र युनुस निवासी मून पब्लिक स्कूल वाली गली, किदवई नगर, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर ।

**बरामदगी का विवरण–**

- **01 होण्डा साईन मोटरसाईकिल बिना नम्बर प्लेट।**
- **01 तमंचा मय 02 जिंदा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर।**

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त रियासत उपरोक्त का आपराधिक इतिहास–**

1. मु0अ0सं0 381/17 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
2. मु0अ0सं0 496/19 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
3. मु0अ0सं0 630/20 धारा 323/342/452/506 भादवि0 थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
4. मु0अ0सं0 920/20 धारा 323/494ए/504/506 भादवि0 व 3/4 दहेज अधि0 थाना देवबंद, सहारनपुर।
5. मु0अ0सं0 211/23 धारा 3/8 सीएस एक्ट थाना सिविल लाईन ,मुजफ्फरनगर। ( वांछित )
6. मु0अ0सं0 539/23 धारा 307/414 भादवि, 3/25/27 आयुध अधि0 थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0श्री धर्मेन्द्र श्यौराण , थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
2. है0का0 121 रोहताश सिह, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
3. है0का0 70 शिवओम भाटी, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
4. है0का0 590 अनिल कुमार, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
5. का0 1913 अशफाक, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
6. का0 32 जितेन्द्र सिह, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
7. का0 883 मोनू कुमार , थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।

**नोटः– घायल/गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त शातिर किस्म का गोकश प्रवृत्ति का अपराधी है जो थाना सिविल लाईन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 211/23 धारा 3/8 सीएस एक्ट में वांछित चल रहा था। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।**

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर।